Adda247 GET IT ON Google Play

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
०५/२०२४ - एनटीपीसी स्नातक स्तर - CEN - 05/2024 - NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 10/06/2025 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB NTPC Graduate Level I |

* Note
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **RRB NTPC Graduate Level I**

**Q.1** ग्लोबल डैब्ट रिपोर्ट 2025 (the Global Debt Report 2025) के अनुसार, 2027 तक OECD संप्रभु ऋण (sovereign debt) का कितना हिस्सा परिपक्व होने वाला है?

Ans
✗ 1. 65%
✗ 2. 55%
✓ 3. 45%
✗ 4. 50%

**Q.2** 2.777... का तुल्य भिन्न ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. $\frac{28}{11}$
✓ 2. $\frac{25}{9}$
✗ 3. $\frac{29}{3}$
✗ 4. $\frac{21}{2}$

**Q.3** एक पाइप टैंक को 8 मिनट में भर सकता है जबकि दूसरा पाइप पूरी तरह से भरे टैंक को 11 मिनट में खाली कर सकता है। यदि दोनों पाइपों को खाली टैंक में एक साथ खोल दिया जाए, तो टैंक का तीन-चौथाई हिस्सा भरने में कितना समय (मिनट में) लगेगा?

Ans
✗ 1. 44
✓ 2. 22
✗ 3. 23
✗ 4. 45

**Q.4** यदि $\alpha$ और $\beta$ द्विघात समीकरण $y^2 - 9y + 8 = 0$ के मूल हैं, तो $\alpha + \beta - \alpha\beta$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 2
✗ 2. 3
✗ 3. 4
✓ 4. 1

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

70,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

Previous Year Papers

500% Refund

IBPS

NABARD

INDIAN RAILWAYS

ATTEMPT FREE MOCK NOW

| | | |
|---|---|---|
| Q.5 | कौन-सा क्षेत्र, प्रायद्वीपीय पठार की बाहरी परिसीमा का हिस्सा नहीं है? | |
| Ans | ✗ 1. गिर पर्वतश्रेणी<br>✗ 2. दिल्ली रिज<br>✓ 3. हिमालय<br>✗ 4. राजमहल पहाड़ियाँ | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.6 | निम्नलिखित में से कौन-सा, आदिवासी विद्रोह नहीं था? | |
| Ans | ✗ 1. खेरवार आंदोलन<br>✗ 2. तमार विद्रोह<br>✗ 3. संथाल विद्रोह<br>✓ 4. फ़राज़ी आंदोलन | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.7 | 118 - 5 × (10 + 20) + 55 का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✗ 1. 33<br>✗ 2. 20<br>✓ 3. 23<br>✗ 4. 17 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.8 | 2003 संशोधन के बाद भारत ने नागरिकता के किस सिद्धांत का अधिक सख्ती से पालन करना शुरू कर दिया? | |
| Ans | ✗ 1. जन्मभूमि-संबंधी नियम (जन्म से)<br>✗ 2. दोहरी नागरिकता<br>✗ 3. विश्व नागरिकता<br>✓ 4. रक्त संबंधी नियम (रक्त से) | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.9 | निम्नलिखित में से किस कंपनी ने 1640 के दशक में चेन्नई में फोर्ट सेंट जॉर्ज का निर्माण किया और बाद में 1684 में मद्रास प्रेसीडेंसी की स्थापना की? | |
| Ans | ✗ 1. जेनोआ ईस्ट इंडिया कंपनी<br>✓ 2. ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी<br>✗ 3. स्पेनिश ईस्ट इंडिया कंपनी<br>✗ 4. पुर्तगाली ईस्ट इंडिया कंपनी | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.10 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर CSVG एक निश्चित तर्क के अनुसार GOZC से संबंधित है। KKDY उसी तर्क के अनुसार OGHU से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए SCLQ दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है? | |
| Ans | ✗ 1. VZPL<br>✓ 2. WYPM<br>✗ 3. XYQN<br>✗ 4. WZOL | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.11 | वैश्विक शांति और निरस्त्रीकरण प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान के लिए 2024 का नोबेल शांति पुरस्कार किसे प्रदान किया गया? | |
| Ans | ✗ 1. एंटोनियो गुटेरेस (Antonio Guterres)<br>✗ 2. ग्रेटा थनबर्ग (Greta Thunberg)<br>✗ 3. अल गोर (Al Gore)<br>✓ 4. निहोन हिडांक्यो (Nihon Hidankyo) | |

Adda247

Q.12 श्रम ब्यूरो द्वारा आयोजित छठे वार्षिक रोजगार-बेरोजगारी सर्वेक्षण के अनुसार, व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं के लिए रोजगार दर कितनी थी?

Ans
- ✗ 1. 46.3%
- ✗ 2. 52.6%
- ✓ 3. 36.2%
- ✗ 4. 41.1%

Q.13 निम्नलिखित में से कौन-सी वास्तुकला 'चारबाग (Charbagh)' शैली में बनाई गई है?

Ans
- ✓ 1. ताज महल
- ✗ 2. कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद
- ✗ 3. बीजापुर का गुम्बज
- ✗ 4. कुतुब मीनार

Q.14 एक नाव की धारा की दिशा में चाल 22 km/hr और धारा की विपरीत दिशा में चाल 5.5 km/hr है। नाव को एक स्थान पर जाने और वापस आने में कुल 8 घंटे लगते हैं। नाव द्वारा तय की गई कुल दूरी कितनी है?

Ans
- ✗ 1. $\frac{172}{6}$ km
- ✓ 2. $\frac{352}{5}$ km
- ✗ 3. $\frac{366}{5}$ km
- ✗ 4. $\frac{176}{5}$ km

Q.15 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

FCA HEC JGE LIG ?

Ans
- ✗ 1. NKJ
- ✗ 2. NLI
- ✗ 3. NLJ
- ✓ 4. NKI

Q.16 सात बॉक्स, A, B, C, D, E, F और G, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। G के ऊपर केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। F और G के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। F और G के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। F और B के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। B को G के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। E को B के ठीक नीचे रखा गया है। A को D के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। C को F के ठीक ऊपर या नीचे नहीं रखा गया है। A के नीचे कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
- ✓ 1. 2
- ✗ 2. 1
- ✗ 3. 3
- ✗ 4. 4

Q.17 O, P, Q, R, S, T और X एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। X के बाईं ओर से गिनती करने पर Q और X के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। P, R के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। O, T के बाईं ओर से तीसरे स्थान पर बैठा है। P, O के ठीक दाईं ओर बैठा है। S, O का निकटतम पड़ोसी नहीं है। S के दाईं ओर से गिनती करने पर S और X के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✓ 1. तीन
- ✗ 2. दो
- ✗ 3. चार
- ✗ 4. एक

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.18** भारत के किस बैंक को सेंट्रल बैंकिंग, लंदन, यूनाइटेड किंगडम द्वारा डिजिटल कार्यक्रमों - प्रवाह और सारथी के लिए डिजिटल परिवर्तन पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया है?

**Ans**
- ✗ 1. पंजाब नेशनल बैंक
- ✓ 2. भारतीय रिजर्व बैंक
- ✗ 3. भारतीय स्टेट बैंक
- ✗ 4. बंधन बैंक

**Q.19** किसी यौगिक का मूलानुपाती सूत्र $CH_2$ है तथा मोलर द्रव्यमान 56 g/mol है। इसका आण्विक सूत्र क्या होगा?

**Ans**
- ✗ 1. $CH_2$
- ✗ 2. $C_2H_4$
- ✓ 3. $C_4H_8$
- ✗ 4. $C_3H_6$

**Q.20** 28 मार्च 2025 तक की स्थिति के अनुसार, भारत में डिजिटल कृषि मिशन के तहत लगभग कितनी किसान आईडी बनाई गई हैं?

**Ans**
- ✗ 1. 1.25 करोड़
- ✗ 2. 4.10 करोड़
- ✓ 3. 4.85 करोड़
- ✗ 4. 3.50 करोड़

**Q.21** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी कार, पुरानी हैं।
कुछ पुरानी, नई हैं।
कुछ नई, लाल हैं।

निष्कर्ष:
(I) सभी पुरानी, कार हैं।
(II) कुछ नई, पुरानी हैं।

**Ans**
- ✗ 1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✗ 2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✓ 3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ 4. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

**Q.22** तीन व्यक्ति X, Y और Z ने 13 : 20 : 15 के अनुपात में अपने हिस्सों के साथ एक व्यवसाय शुरू किया। 7 महीने बाद, Y ने अपना 33% हिस्सा वापस ले लिया, जबकि Z ने वर्ष पूरा होने से 5 महीने पहले अपना 24% हिस्सा वापस ले लिया। यदि वर्ष के अंत में कुल लाभ ₹16,100 है, तो लाभ में Z का हिस्सा (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ 1. 4,968
- ✗ 2. 5,063
- ✗ 3. 5,250
- ✗ 4. 4,888

**Q.23** थार रेगिस्तान के मैदानों में कौन-सा पेड़ सामान्यतः पाया जाता है?

**Ans**
- ✗ 1. सागौन
- ✗ 2. नीम
- ✗ 3. साल
- ✓ 4. खेजड़ी

**Q.24** ऐसा कहा जाता है कि चन्द्रगुप्त मौर्य ने ___________ अपना लिया था।

Ans
- ✔ 1. जैन धर्म
- ✘ 2. बौद्ध धर्म
- ✘ 3. ईसाई धर्म
- ✘ 4. पारसी धर्म

**Q.25** रेलवे (संशोधन) विधेयक, 2024 का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

Ans
- ✘ 1. भारतीय रेलवे का निजीकरण करना
- ✔ 2. भारतीय रेलवे बोर्ड अधिनियम, 1905 को रेलवे अधिनियम, 1989 में विलय करना
- ✘ 3. रेलवे संचालन के लिए एक नया मंत्रालय स्थापित करना
- ✘ 4. पूरे भारत में हाई-स्पीड बुलेट ट्रेनें शुरू करना

**Q.26** 10 cm भुजा वाले एक घन को 2 cm भुजा वाले घनों में काटा जाता है। सभी छोटे घनों का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ 1. 3010
- ✔ 2. 3000
- ✘ 3. 3008
- ✘ 4. 3002

**Q.27** DNA में मानक क्षारक युग्मन (standard base pairing) किस प्रकार के आबंधन के कारण होता है?

Ans
- ✘ 1. सहसंयोजक आबंधन
- ✘ 2. वांडर वाल्स अन्योन्यक्रिया
- ✘ 3. आयनी आबंधन
- ✔ 4. हाइड्रोजन आबंधन

**Q.28** कौन-सा निकाय, मुख्य रूप से भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243W के माध्यम से प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करता है?

Ans
- ✘ 1. राज्य विधानमंडल
- ✔ 2. नगर निगम
- ✘ 3. पंचायती राज संस्था
- ✘ 4. भारत की संसद

**Q.29** यदि $x + \frac{1}{x} = 4$ है, तो $x^3 + \frac{1}{x^3}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ 1. 134
- ✔ 2. 52
- ✘ 3. 39
- ✘ 4. 151

**Q.30** सिंधु घाटी सभ्यता के किस स्थल पर बड़ी संख्या में टेराकोटा खिलौने पाए गए थे?

Ans
- ✘ 1. राखीगढ़ी
- ✘ 2. लोथल
- ✔ 3. मोहनजोदड़ो
- ✘ 4. कालीबंगा

**Q.31** एक निश्चित कूट भाषा में, 'BORN' को '2468' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'NEST' को '1327' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'N' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
- ✘ 1. 8
- ✔ 2. 2
- ✘ 3. 7
- ✘ 4. 1

Adda247

Adda247 | GET IT ON Google Play

**Q.32** राजेश अपनी कक्षा में ऊपर से 17वें स्थान पर तथा नीचे से 44वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने छात्र हैं?

**Ans**
1. 59
2. 60 ✔
3. 61
4. 62

**Q.33** निम्नलिखित संख्या-प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) 3 € $ 1 6 8 6 6 € $ # % # * 3 8 3 1 € 6 @ 3 (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में एक प्रतीक है?

**Ans**
1. 2 ✔
2. 1
3. 4
4. 3

**Q.34** दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

42 57 72 87 102 ?

**Ans**
1. 121
2. 117 ✔
3. 108
4. 115

**Q.35** 50 लड़कों की एक कक्षा में से 15 लड़कों की औसत लंबाई 163 cm है। यदि शेष लड़कों की औसत लंबाई 165 cm है, तो कक्षा के सभी लड़कों की औसत लंबाई (cm में) कितनी है?

**Ans**
1. 165
2. 165.4
3. 164.4 ✔
4. 164

**Q.36** श्रीमान I बिंदु M से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 5 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 8 km ड्राइव करता है, फिर बाएं मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है। वह अंत में बाएं मुड़ता है, और 12 km ड्राइव करके बिंदु N पर रुक जाता है। बिंदु M पर पुनः पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

**Ans**
1. 4 km, पश्चिम की ओर ✔
2. 12 km, उत्तर की ओर
3. 4 km, पूर्व की ओर
4. 5 km, दक्षिण की ओर

**Q.37** भारत की जनसंख्या वितरण के संदर्भ में, कार्यिकीय घनत्व (physiological density) शब्द का तात्पर्य प्रति _____ जनसंख्या से है।

**Ans**
1. डॉक्टर (doctor)
2. कृषिगत भूमि की इकाई (unit of arable land) ✔
3. गृहस्थी (household)
4. अस्पताल का बिस्तर (hospital bed)

Q.38 एक निश्चित कूट भाषा में,
'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
'A – B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
'A × B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

उपर्युक्त के आधार पर, यदि 'M – N × O ÷ P + Q' है, तो M का Q से क्या संबंध है?

Ans
✔ 1. माता की माता का भाई
✘ 2. पिता का पिता
✘ 3. पिता का भाई
✘ 4. माता का पिता

Q.39 यदि a = 2 है, तो $3\sqrt{8a^2 - 4a + 1} + 17a$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 49
✘ 2. 53
✘ 3. 42
✘ 4. 46

Q.40 44 और B का तृतीयानुपाती C है। यदि B, पहली तीन सम प्राकृत संख्याओं का योगफल है, तो C का मान ज्ञात कीजिए।
(दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए)

Ans
✔ 1. 3.27
✘ 2. 1.98
✘ 3. 4.58
✘ 4. 0.98

Q.41 भारत में कौन-सी क्रांति मत्स्य उद्योग के विकास से संबंधित है?

Ans
✘ 1. पीली क्रांति
✘ 2. हरित क्रांति
✘ 3. श्वेत क्रांति
✔ 4. नील क्रांति

Q.42 मार्च 2025 में, 'आर्द्रभूमि के बुद्धिमानीपूर्ण उपयोग' के लिए रामसर पुरस्कार पाने वाले पहले भारतीय कौन बने?

Ans
✘ 1. सुनीता नारायण
✔ 2. जयश्री वेंकटेसन
✘ 3. मेधा पाटकर
✘ 4. वंदना शिवा

Q.43 एक लंबे एमएस वर्ड डॉक्यूमेंट में उत्पाद नाम पर कई इंस्टेंस (instances) एक विशिष्ट कैरेक्टर स्टाइल लागू की गई है। यदि उत्पाद नाम के इन सभी इंस्टेंस का फ़ॉन्ट और रंग बदलने की आवश्यकता है, तो इसके लिए सबसे दक्ष तरीका क्या है?

Ans
✘ 1. फॉर्मेटिंग विकल्पों के साथ 'Find and Replace' फ़ंक्शन का उपयोग करना
✘ 2. प्रत्येक इंस्टेंस को मैन्युअल रूप से चुनना और नई फॉर्मेटिंग लागू करना
✘ 3. 'Format Painter' का उपयोग करके एक इंस्टेंस से फॉर्मेटिंग को कॉपी करना और इसे अन्य इंस्टेंस पर लागू करना
✔ 4. कैरेक्टर स्टाइल की परिभाषा को संशोधित करना

Q.44 यदि कोई उपयोगकर्ता किसी फ़ाइल का नाम उसी फ़ोल्डर में मौजूद फ़ाइल के समान रिनेम करने का प्रयास करता है, तो निम्न में से क्या होगा?

Ans
✘ 1. फ़ाइल एक्सटेंशन स्वचालित रूप से बदल जाता है।
✔ 2. विंडोज एक त्रुटि प्रदर्शित करता है: "A file with this name already exists"
✘ 3. विंडोज नए फ़ाइलनेम में एक संख्या जोड़ता है (उदाहरण के लिए, Document (2).txt)।
✘ 4. विंडोज दोनों फ़ाइलों के कन्टेंट को मर्ज करता है।

Adda247

Q.45 दिसंबर 2024 में, साइकिलिंग को एक स्थायी और समावेशी फिटनेस गतिविधि के रूप में बढ़ावा देने के लिए कौन-सा राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू किया गया?

Ans
✗ 1. साइकिल फॉर भारत कैम्पेन
✓ 2. फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल
✗ 3. राइड फॉर हेल्थ इंडिया
✗ 4. फिट इंडिया पेडल मिशन

Q.46 भारत में पंचायती राज व्यवस्था का कौन-सा स्तर पूरे जिले के शासन में शामिल होता है?

Ans
✗ 1. ग्राम पंचायत
✓ 2. जिला परिषद
✗ 3. ग्राम सभा
✗ 4. ब्लॉक समिति

Q.47 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, कंप्यूटर सिस्टम में वॉन न्यूमैन और हार्वर्ड आर्किटेक्चर के बीच मूलभूत अंतर को सर्वोत्तम रूप से व्यक्त करता है?

Ans
✓ 1. हार्वर्ड आर्किटेक्चर निर्देशों और डेटा को एक साथ प्राप्त करने की सुविधा देता है, जिससे संभावित रूप से प्रदर्शन में सुधार होता है, जबकि वॉन न्यूमैन आर्किटेक्चर आमतौर पर उन्हें एक ही मेमोरी स्पेस से क्रमिक रूप से प्राप्त करता है।
✗ 2. हार्वर्ड आर्किटेक्चर, वॉन न्यूमैन आर्किटेक्चर की तुलना में अधिक जटिल नियंत्रण इकाई का उपयोग करता है।
✗ 3. वॉन न्यूमैन आर्किटेक्चर निर्देशों और डेटा के लिए अलग-अलग एड्रैस स्थान का उपयोग करता है, जबकि हार्वर्ड आर्किटेक्चर एकल एड्रैस स्थान का उपयोग करता है।
✗ 4. वॉन न्यूमैन आर्किटेक्चर का प्रयोग मुख्यतः आधुनिक माइक्रोकंट्रोलर्स में किया जाता है, जबकि हार्वर्ड आर्किटेक्चर सामान्य प्रयोजन वाले कंप्यूटरों में प्रचलित है।

Q.48 दो संख्याएं एक तीसरी संख्या से क्रमशः 30% और 18% अधिक हैं। उन दोनों संख्याओं का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 73 : 74
✗ 2. 58 : 63
✗ 3. 55 : 64
✓ 4. 65 : 59

Q.49 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

502 500 496 490 482 ?

Ans
✗ 1. 468
✓ 2. 472
✗ 3. 471
✗ 4. 469

Q.50 P, आयत ABCD के भीतर कोई बिंदु है। यदि PA = 69 cm, PB = 27 cm और PC = 38 cm है, तो PD की लंबाई (cm में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 74
✗ 2. 70
✗ 3. 78
✗ 4. 72

Adda247

Q.51 यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंकों वाली पाँच संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 388 739 783 483 785 (दाएं)

(उदाहरण: 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी हैं)

यदि सबसे बड़ी संख्या के पहले अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक से घटा दिया जाए, तो परिणाम क्या होगा?

Ans
1. 4
2. 0
3. 1
4. 2

Q.52 किसी आंकड़ा समुच्चय का माध्य और बहुलक क्रमशः 51.5 और 61.7 है। मूलानुपाती सूत्र का उपयोग करके आंकड़ा समुच्चय की माध्यिका ज्ञात करें।

Ans
1. 55.4
2. 56.1
3. 54.9
4. 54.3

Q.53 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत युग्म व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. BZ−WU
2. MK−GH
3. KI−FD
4. YW−TR

Q.54 नेप्टूनियम (Neptunium) के संदर्भ में कौन सा कथन सही है?

Ans
1. इसके बारे में मेंडेलीव के समय में जानकारी प्राप्त हुई थी।
2. यह स्थिर तत्व है।
3. यह पिचब्लेंड में पाया जाने वाला एक प्राकृतिक तत्व है।
4. यह गैर-अभिक्रियाशील तत्व है।

Q.55 निम्नलिखित में से कौन, बिहार का वह पुराना जमींदार था जो 1857 के विद्रोह के दौरान विद्रोही सिपाहियों में शामिल हो गया था और कई महीनों तक अंग्रेजों से लड़ता रहा?

Ans
1. बख्त खान
2. अहमदुल्ला शाह
3. कुँवर सिंह
4. तात्या टोपे

Q.56 सात व्यक्ति, I, J, K, L, O, P और Q उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। P के बाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। Q के दाईं ओर केवल I बैठा है। Q और K के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। L, J के बाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन O के दाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है। O और J के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. दो
2. चार
3. तीन
4. एक

Adda247

Q.57 गोपाल को पहले वर्ष में अपनी बिक्री राशि में 2% की वृद्धि और दूसरे वर्ष में 20% की वृद्धि प्राप्त होती है, और इसके साथ उसकी वर्तमान बिक्री ₹1,83,600 है। दो वर्ष पहले उसकी बिक्री (₹ में) कितनी थी?

Ans
1. 1,53,000
2. 1,30,000
3. 1,50,000 ✔
4. 1,80,000

Q.58 प्रेक्षण 49, 91, 24, 46, 90, 20, 21, 14, 66, 32 और 92 की माध्यिका ज्ञात करें।

Ans
1. 49
2. 24
3. 46 ✔
4. 32

Q.59 भारत राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक, 2023 के अनुसार, 2019-21 में भारत में गरीबी दर कितनी थी?

Ans
1. 24.58%
2. 16.23%
3. 14.96% ✔
4. 22.67%

Q.60 यदि 3 cm त्रिज्या वाले एक अर्धगोले को एक घनाभ के अंदर फिट किया जाता है और फिर घनाभ के अंदर जल भरा जाता है, तो घनाभ में उपस्थित जल की मात्रा ($cm^3$ में) ज्ञात करें।

($\pi$ = 3.14 लीजिए)

Ans
1. 49.81
2. 57.64
3. 55.28
4. 51.48 ✔

Q.61 निम्नलिखित में से किसने तीरंदाजी विश्व कप 2025 स्टेज 1 में कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता?

Ans
1. दीपिका कुमारी और अतानु दास
2. ज्योति सुरेखा वेन्नम और ऋषभ यादव ✔
3. ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा
4. ऋषभ यादव और अंकिता भकत

Q.62 दिसंबर 2022 तक की स्थिति के अनुसार किस भारतीय राज्य में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (PVTGs) के तहत वर्गीकृत जनजातीय समुदायों की संख्या सबसे अधिक है?

Ans
1. छत्तीसगढ़
2. मध्य प्रदेश
3. ओडिशा ✔
4. झारखंड

Q.63 यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

87 × 3 ÷ 4 + 12 – 30 = ?

Ans
1. 144
2. 134 ✔
3. 145
4. 122

| | |
|---|---|
| Q.64 | अनिल ने क्रमशः पहला पेन ₹100 में और दूसरा पेन ₹160 में खरीदा। वह पहला पेन 15% के लाभ पर बेचता है लेकिन खरीदार कीमत के लिए मोल-भाव करता है, और उसे 29% छूट और दूसरा पेन 58% लाभ पर देना पड़ता है। इस लेन-देन में उसे कुल कितना लाभ हुआ (दो दशमलव स्थानों तक सही) ज्ञात करें। |
| Ans | ✗ 1. ₹74.26<br>✗ 2. ₹77.75<br>✓ 3. ₹74.45<br>✗ 4. ₹72.91 |

| | |
|---|---|
| Q.65 | WR 21 एक निश्चित तरीके से ZS 6 से संबंधित है। उसी तरह GV 11, JW −4 से संबंधित है। समान तर्क का पालन करते हुए, दिए गए विकल्पों में से UE 5 किससे संबंधित है? |
| Ans | ✗ 1. NM −7<br>✗ 2. VW −9<br>✗ 3. FV −6<br>✓ 4. XF −10 |

| | |
|---|---|
| Q.66 | बिंदु P से केंद्र O वाले वृत्त पर एक स्पर्श रेखा खींची जाती है। वृत्त की त्रिज्या 7 cm है और बिंदु P से केंद्र O की दूरी 25 cm है। बिंदु P से स्पर्शिता बिंदु तक स्पर्श रेखा की लंबाई कितनी है? |
| Ans | ✗ 1. 21 cm<br>✗ 2. 27 cm<br>✓ 3. 24 cm<br>✗ 4. 31 cm |

| | |
|---|---|
| Q.67 | 2024 में शुरू किए गए राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (NMNF) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?<br><br>1. 2025-26 तक NMNF का कुल स्वीकृत परिव्यय ₹1,000 करोड़ है।<br>2. यह मिशन, प्राकृतिक खेती के इनपुट प्रदान करने के लिए जैव-इनपुट संसाधन केंद्रों की स्थापना का समर्थन करता है। |
| Ans | ✗ 1. केवल 1<br>✓ 2. केवल 2<br>✗ 3. 1 और 2 दोनों<br>✗ 4. न तो 1 और न ही 2 |

| | |
|---|---|
| Q.68 | यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंकों वाली पाँच संख्याओं पर आधारित है।<br><br>(बाएं) 611 733 279 265 370 (दाएं)<br><br>(उदाहरण: 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)<br>(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी हैं)<br><br>यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के पहले अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम क्या होगा? |
| Ans | ✗ 1. 4<br>✓ 2. 5<br>✗ 3. 8<br>✗ 4. 6 |

| | |
|---|---|
| Q.69 | तीन संख्याओं का औसत 23 है। यदि उनमें से दो संख्याएँ 11 और 26 हैं, तो तीसरी संख्या ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. 33<br>✗ 2. 34<br>✗ 3. 31<br>✓ 4. 32 |

Adda247

**Q.70** यदि ₹2,400 को 20% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर पर निवेश किया जाए, तो 1 वर्ष बाद धनराशि कितनी हो जाएगी, जबकि ब्याज अर्धवार्षिक रूप से संयोजित किया जाता है?

**Ans**
- ✔ 1. ₹2,904
- ✘ 2. ₹3,071
- ✘ 3. ₹2,950
- ✘ 4. ₹2,460

**Q.71** निम्नलिखित में से क्या भारत में न्यायिक समीक्षा का एक प्रमुख कारण है?

**Ans**
- ✔ 1. संविधान की सर्वोच्चता और मौलिक अधिकारों की रक्षा करना
- ✘ 2. न्यायपालिका को कानून बनाने की अनुमति देना
- ✘ 3. संसद की सर्वोच्चता सुनिश्चित करना
- ✘ 4. केंद्र और राज्यों के बीच संघीय संतुलन बनाए रखना

**Q.72** भारत में केरल के नेमम में स्थित नीरामंकर मंदिर (Neeramankara Temple) किस प्रकार का देव मंदिर माना जाता है?

**Ans**
- ✘ 1. निरंधर प्रकार (Nirandhara type)
- ✔ 2. संधर प्रकार (Sandhara type)
- ✘ 3. सर्वतोभद्र प्रकार (Sarvatobhadra type)
- ✘ 4. मंडप प्रकार (Mandapa type)

**Q.73** एक निश्चित तर्क के अनुसार 5, 35 से संबंधित है। उसी तर्क के अनुसार 2, 14 से संबंधित है। उसी तर्क के अनुसार 9, निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans**
- ✔ 1. 63
- ✘ 2. 65
- ✘ 3. 67
- ✘ 4. 61

**Q.74** राष्ट्रों में वैश्वीकरण को बढ़ावा देने वाले विश्व व्यापार संगठन की स्थापना किस वर्ष की गयी?

**Ans**
- ✘ 1. 2000
- ✔ 2. 1995
- ✘ 3. 2001
- ✘ 4. 1991

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.75 संख्याओं और प्रतीकों के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद की शर्तों के अनुसार अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है। दिए गए कूट और शर्तों का अध्ययन करें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

नोट: यदि कोई भी शर्त लागू नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।

| संख्या/ प्रतीक | 2 | @ | 9 | 5 | $ | & | 3 | % | # | 7 | + | 4 | 8 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कूट | D | B | A | M | L | E | C | Q | D | P | R | B | U | K |

शर्तें:
यदि पहला घटक एक प्रतीक है और अंतिम घटक एक संख्या है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम घटक) के कूटों को परस्पर बदल दिया जाएगा।
यदि पहला घटक विषम संख्या है और अंतिम घटक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम घटकों को © के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।
यदि दूसरा और तीसरा दोनों घटक पूर्ण वर्ग हैं, तो तीसरे घटक को दूसरे घटक के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।
निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या होगा?

@ 3 5 7

Ans
1. B M M P
2. B C M P
3. B C C P
4. P C M B

Q.76 टाउन A, टाउन B के दक्षिण में है। टाउन C, टाउन B के पूर्व में है। टाउन D, टाउन C के पश्चिम में है। टाउन E, टाउन D के उत्तर में है। टाउन A, टाउन E के दक्षिण-पूर्व में है। टाउन D के संबंध में टाउन B की स्थिति क्या है?

Ans
1. दक्षिण
2. पूर्व
3. उत्तर
4. पश्चिम

Q.77 एक खुदरा विक्रेता वस्तु पर खरीदारों के लिए निम्नलिखित छूट स्कीमें प्रदान करता है।
I. 27% की दो क्रमिक छूटें।
II. 36% की छूट के बाद 45% की एक छूट।
III. 19% और 32% की क्रमिक छूटें।
IV. 34% की छूट के बाद 7% की एक छूट।
किस स्कीम का विक्रय मूल्य अधिकतम होगा?

Ans
1. III
2. I
3. IV
4. II

Adda247

Q.78 संख्याओं और प्रतीकों के एक समूह को नीचे दिए गए अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है तथा उसके बाद नीचे शर्तें दी गई हैं। दिए गए कूटों और शर्तों का अध्ययन कीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

नोट: यदि कोई भी शर्त लागू नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का प्रत्यक्ष रूप से पालन किया जाना चाहिए, जैसा कि तालिका में दिया गया है।

| अक्षर | L | M | E | P | A | U | X |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कूट | 7 | $ | @ | 9 | 2 | % | 6 |

शर्तें:
1. यदि पहला अक्षर स्वर है और अंतिम अक्षर व्यंजन है, तो उनके कूट आपस में बदले जाने हैं।
2. यदि दूसरा अक्षर स्वर है और अंतिम अक्षर व्यंजन है, तो दोनों को 'W' के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।
3. यदि तीसरा और चौथा अक्षर व्यंजन हैं, तो दोनों को तीसरे अक्षर के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।
4. यदि पहला और दूसरा अक्षर स्वर हैं, तो दोनों को 'Q' के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।

निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या होगा?

APUXR

Ans
- ✗ 1. Q 9 % 6 Q
- ✗ 2. 2 9 % 6 2
- ✓ 3. 4 9 % 6 2
- ✗ 4. 2 9 % 6 4

Q.79 दो पाइप एक टंकी को अलग-अलग क्रमशः 98 min और 28 min में भर सकते हैं। टंकी को खाली करने के लिए टंकी के तल पर एक पाइप लगा है। यदि तीनों पाइप एक साथ खोल दिए जाएँ, तो खाली टंकी 21 min में भर जाती है। यदि कोई अन्य पाइप खुला न हो, तो टंकी के तल पर लगा पाइप पूरी तरह से भरी हुई टंकी को खाली करने में कितना समय लेगा?

Ans
- ✗ 1. 606 min
- ✓ 2. 588 min
- ✗ 3. 577 min
- ✗ 4. 583 min

Q.80 एक वस्तु को ₹112 में बेचने पर एक व्यक्ति को 20% की हानि होती है। 50% लाभ कमाने के लिए उसे वस्तु को किस कीमत (₹ में) पर बेचना चाहिए?

Ans
- ✗ 1. 220
- ✗ 2. 230
- ✓ 3. 210
- ✗ 4. 200

Q.81 एक व्यक्ति अपनी मासिक आय का 33% खर्च करता है, वह प्रति माह ₹6,298 बचाता है। उसका मासिक व्यय (₹ में) कितना है?

Ans
- ✗ 1. 3,024
- ✓ 2. 3,102
- ✗ 3. 3,195
- ✗ 4. 3,083

Q.82 ₹1,200 की राशि पर 3% मासिक ब्याज की दर से 1 माह में प्राप्त साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 23
- ✗ 2. 6
- ✗ 3. 3
- ✓ 4. 36

Adda247

Q.83 उस त्रिक का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

FB-ID-KM
JF-MH-OQ

Ans
1. MI-PK-RU ✗
2. NI-PL-RU ✗
3. MI-PK-RT ✓
4. NI-PK-RU ✗

Q.84 यदि संख्या 7481652 के प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बायीं ओर से पहले अंक तथा दायीं ओर से पहले अंक के बीच का अंतर कितना होगा?

Ans
1. 8 ✓
2. 6 ✗
3. 4 ✗
4. 2 ✗

Q.85 एक व्यक्ति क्रमशः 20 km/hr, x km/hr और 20 km/hr की चाल से 100 km, 408 km और 1460 km की दूरी तय करता है। यदि पूरी यात्रा के लिए उसकी औसत चाल 20 km/hr है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 15 ✗
2. 25 ✗
3. 22 ✗
4. 20 ✓

Q.86 भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में राज्यों को बेरोजगारी के मामलों में सार्वजनिक सहायता का प्रावधान करने का निर्देश दिया गया है?

Ans
1. अनुच्छेद 42 ✗
2. अनुच्छेद 41 ✓
3. अनुच्छेद 39 ✗
4. अनुच्छेद 40 ✗

Q.87 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनो/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. BJ-FZ ✗
2. GO-KF ✓
3. HP-LF ✗
4. TB-XR ✗

Q.88 IIT मद्रास में, तरल और तापीय विज्ञान अनुसंधान 2025 में श्री एस. रामकृष्णन उत्कृष्टता केंद्र का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

Ans
1. अंतरिक्ष अनुप्रयोगों में जटिल तापीय चुनौतियों से निपटना ✓
2. उपग्रह नेविगेशन प्रणालियों में भारत की क्षमताओं को बढ़ाना ✗
3. अंतरिक्ष से संबंधित चिकित्सा अनुसंधान के लिए एक शोध केंद्र स्थापित करना ✗
4. प्रक्षेपण वाहनों के लिए उन्नत प्रणोदन प्रणाली विकसित करना ✗

Adda247

Q.89 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के पैटर्न और संबंध के समान हो?
# : VSQ :: OLJ : %

Ans
1. # = YVT, % = LIG ✔
2. # = YOZ, % = LOQ ✘
3. # = UZT, % = QMG ✘
4. # = IQT, % = VCG ✘

Q.90 यदि दो संख्याओं का अनुपात 18 : 5 है तथा उनके लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) और महत्तम समापवर्तक (HCF) का गुणनफल 360 है, तो उनके लघुत्तम समापवर्त्य तथा महत्तम समापवर्तक के व्युत्क्रमों का योगफल ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $\frac{91}{185}$ ✘
2. $\frac{91}{193}$ ✘
3. $\frac{91}{204}$ ✘
4. $\frac{91}{180}$ ✔

Q.91 J, K, L, M, N, O और P में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है। P से पहले केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा होती है। L के बाद केवल एक व्यक्ति की परीक्षा होती है। P और J के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा होती है। K और L के बीच केवल एक व्यक्ति की परीक्षा होती है। O की परीक्षा, M के ठीक बाद होती है। M और N के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा होती है?

Ans
1. एक ✘
2. चार ✘
3. तीन ✔
4. दो ✘

Q.92 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित में से किसका परिणाम 77 होगा?

Ans
1. 42 B 6 C 38 D 18 A 6 ✘
2. 42 C 6 B 38 A 18 D 6 ✘
3. 42 A 6 D 38 C 18 B 6 ✔
4. 42 D 6 A 38 B 18 C 6 ✘

Q.93 अब से 3 वर्ष पहले, पिता की आयु उसके पुत्र की आयु के दोगुने से 14 वर्ष अधिक थी। अब से कितने वर्ष बाद, उसकी आयु उसके पुत्र की आयु की दोगुनी होगी?

Ans
1. 8 ✘
2. 12 ✘
3. 14 ✘
4. 11 ✔

Q.94 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से शृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

CJL 11, DKM 15, ELN 19, FMO 23, ?

Ans
1. TUY 26 ✘
2. TXU 26 ✘
3. QNO 27 ✘
4. GNP 27 ✔

Q.95 निम्नलिखित में से कौन-सा, MS वर्ड 2019 में 'गटर' मार्जिन ('Gutter' margin) का सबसे अच्छा वर्णन करता है?

Ans
✗ 1. पेज के चारों तरफ़ ब्लैंक स्पेस
✗ 2. केवल विषम संख्या वाले पेजों पर प्रयुक्त मार्जिन
✓ 3. डाक्युमेंट बाइंडिंग के लिए जोड़ा गया एक्स्ट्रा स्पेस
✗ 4. हेडर के लिए पेज के टॉप पर स्पेस

Q.96 यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

173 ÷ 3 − 135 × 5 + 17 = ?

Ans
✓ 1. 529
✗ 2. 528
✗ 3. 530
✗ 4. 527

Q.97 अप्रैल 2025 में QS हायर एड समिट: मिडिल ईस्ट (QS Higher Ed Summit: Middle East) की मेजबानी किस शहर में हुई?

Ans
✗ 1. दोहा, कतर
✗ 2. रियाद, सऊदी अरब
✗ 3. दुबई, यूएई (UAE)
✓ 4. कुवैत सिटी, कुवैत

Q.98 प्रभावी राजस्व घाटा, सरकारी बजटन में किस वर्ष पेश किया गया था?

Ans
✗ 1. 2008-09
✓ 2. 2011-12
✗ 3. 2015-16
✗ 4. 2003-04

Q.99 यदि $\sin A = \frac{3}{4}$ है, तो $\frac{2\cos A}{\sqrt{7}}$ का परिकलन कीजिए।

Ans
✓ 1. $\frac{1}{2}$
✗ 2. $\frac{1}{4}$
✗ 3. $\frac{\sqrt{7}}{4}$
✗ 4. $\frac{\sqrt{7}}{2}$

Q.100 एमएस वर्ड 365 में किस टैब में पेज मार्जिन, ओरिएंटेशन और साइज़ बदलने के ऑप्शन होते हैं?

Ans
✗ 1. Insert
✓ 2. Layout
✗ 3. Home
✗ 4. Review

Adda247